<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक- 17/11/2024

ढ़ाई वर्ष पूर्व अपने परिजनों से बिछड़ी मूक-बधिर युवती को बाराबंकी पुलिस द्वारा उसके परिजन के किया गया सुपुर्द-

दिनांक- 19.05.2022 को वादी दिनेश चन्द्र पुत्र भारत प्रसाद निवासी ग्राम लोहंजर थाना देवा जनपद बाराबंकी द्वारा थाना फतेहपुर पर अपनी मूक-बधिर पुत्री के ससुरालीजन के विरुद्ध उसके अपहरण कर गायब कर देने के सम्बन्ध में दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 213/2022 धारा 364 भादवि पंजीकृत किया गया था। थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा उक्त मूक-बधिर युवती की फोटो को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित कर एवं आस-पास के जनपदों में चस्पा किया गया तथा इलेक्ट्रानिक माध्यमों से भी उसकी सकुशल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। स्वाट एवं सर्विलांस टीम द्वारा भी अथक प्रयास किया जा रहा था।

इसी क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिला उपनिरीक्षक व महिला आरक्षियों की कई टीमों का गठन कर एक विशेष अभियान "ऑपरेशन खोज" चलाया जा रहा है, जिसके तहत महिलाकर्मियों की टीम प्रत्येक दिवस जनपदों के सीमावर्ती 10 गांवों का भ्रमण कर फोटो से पहचान व C-Plan ऐप के माध्यम से भी सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स व डिजिटल डेटा के क्रम में जनपद हरदोई के थाना क्षेत्र शाहाबाद के ग्राम आगापुर निवासी शिवकुमार के घर उपरोक्त मुकदमे से सम्बन्धित अपहृता के मौजूद होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस द्वारा मुक-बधिर युवती को ग्राम आगापुर थाना शाहाबाद जनपद हरदोई से सकुशल बरामद किया गया। शिवकुमार उपरोक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक-22.06.2022 को मैगलगंज, जनपद लखीमपुर में स्थित बाला जी मन्दिर में यज्ञ के दौरान मन्दिर परिसर में भटकते हुए यह युवती उसे मिली थी, जो सुन व बोल पाने में असमर्थ थी, जिसे मानवीयतावश सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने साथ लाकर पुत्रीवत घर में रख लिया था एवं लगातार उसके परिजनों को खोजने का प्रयास कर रहा था। आज दिनांक-17.11.2024 को पुलिस द्वारा बरामद युवती को उसके परिजनों के सकुशल सुपुर्द किया गया। ढ़ाई वर्ष बाद अपनी पुत्री को पाकर परिजनों द्वारा प्रसन्नता प्रकट करते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।